पंचायत एवं समाज का दैनिक हिन्दी अखबार

RNI Reg. - CHHHIN/2021/82382

# पृथक छत्तीसगढ़

जांजगीर-चाम्पा जिले से प्रकाशित

सच के साथ हमेशा

No. 1 अखबार

वर्ष-4 अंक-33 / सोमवार 02 सितम्बर 2024 / पृष्ठ-4 मूल्य-1 रुपए / prithakchhattisgarh@gmail.com

## पहला कॉलम

### मोबाइल गेम खेलने में मशगूल दो लड़कों की ट्रेन से कटकर मौत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में रेल की पटरियों पर बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहे दो लड़कों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम करीब सात बजे उस दौरान हुई जब 14 साल के दोनों लड़के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसाली इलाके में रेलवे की पटरियों पर बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहे थे.उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान पूरन साहू और वीर सिंह के रूप में हुई है. वह भिलाई के रिसाली सेक्टर के निवासी थे. अधिकारी ने बताया कि दोनों मोबाइल में गेम खेलने में इतने मशगूल थे कि उन्हें दल्ली राजहरा-दुर्ग लोकल ट्रेन का हॉर्न तक नहीं सुनाई दिया.उन्होंने बताया कि वे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है.

### दंपति और उनके दो बेटों ने जहर खाकर की आत्महत्या

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक दंपति और उनके दो बेटों ने अपने घर पर कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य शुक्रवार को गंभीर हालत में पाए गए जिसके बाद उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया.एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान पंचराम यादव (66), उनकी पत्नी दिनेश नंदिनी (55) बेटे सूरज (27) और नीरज (32) के रूप में हुई है. वे कोतवाली थाना अंतर्गत बोधा तालाब इलाके के निवासी थे. उन्होंने बताया कि पंचराम कांग्रेस की जिला इकाई के पूर्व पदाधिकारी थे.जांजगीर-चांपा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जयसवाल ने कहा, परिवार के लोगों ने 30 अगस्त को जहर खा लिया और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### पैरा ओलंपिक: मनीषा और तुलसीमति के बीच होगा सेमीफाइनल, भारत का एक और पदक पक्का

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने रविवार को यहां पैरा ओलंपिक खेलों में एसयू5 वर्ग में महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन तुलसीमति मुरुगेसन से होगा जिससे भारत का इस स्पर्धा में पदक पक्का हो गया. मनीषा के दाहिने हाथ में जन्म से ही विकार था. इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को क्वार्टर फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को 21- 13 21-16 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई. दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने अपनी गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी को केवल 30 मिनट में बाहर का रास्ता दिखाया. अंतिम चार में मनीषा का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त तुलसीमति से होगा। जिन्होंने शनिवार को ग्रुप ए में पुर्तगाल की बीट्रिज. मोंटेइरो को हराया था.

वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बोले पीएम मोदी

# कई देशों में सरकारें बदलीं, भारत में लोगों ने निरंतरता को चुना...

नई दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस साल जिन देशों में चुनाव हुए, उनमें से ज्यादातर में लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया जबकि भारतीयों ने निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक नया मध्यम वर्ग देश की प्रगति को रफ्तार दे रहा है। इसके साथ ही निवेशकों से सुविधा, सुधार, स्थिर नीति वाली व्यवस्था और उच्च विकास का वादा किया तथा बदले में उनसे नवाचार, प्रदर्शन और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का वादा करने को कहा। एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश एक अनूठी सफलता की कहानी लिख रहा है और इसके सुधारों का प्रभाव अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन में दिखाई दे रहा है। दुनिया की समृद्धि भारत की समृद्धि में निहित है। मेरी सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक कंपनियां वैश्विक ब्रांड बनें और देश हर क्षेत्र में अग्रणी बने।उन्होंने इस सदी के तीसरे दशक को देश



के उत्थान का युग बताया, जिसका लाभ सभी को मिलेगा। भारत आज दुनिया में अवसरों की सबसे बड़ी भूमि है। हम धन सृजन करने वालों का सम्मान करते हैं। भारत नवाचार, समावेशन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मंत्र का पालन करता है।हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा के बहुमत से दूर रह जाने को लेकर विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर किए जा रहे हमलों के बीच प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अपना तीसरा कार्यकाल अधिक दृढ़ इरादों के साथ शुरू किया है। यह सरकार देश के नागरिकों की तरह आशा और विश्वास से भरी हुई है। सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिनों से भी कम समय में हमने गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए बड़े फैसले लिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारत को वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है। पिछले 10 वर्षों में सरकार ने मेडिकल में एक लाख सीटें और जोड़ी हैं जो कि पहले 60 हजार ही थीं। अगले पांच वर्षों में 75 हजार से अधिक सीटें और जोड़ी जाएंगी। 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं और एक नव मध्यम वर्ग ऐतिहासिक पैमाने पर और तेजी से उभरा है।

### जल्द फैसले देने की जरूरत, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर चिंता जताते हुए न्यायपालिका से ऐसे मामलों में जल्दी फैसले देने की अपील की है। जिला अदालतों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा को ज्वलंत मुद्दा बताते हुए इसपर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने ऐसे मामलों में त्वरित न्याय की अपील करते हुए कहा कि महिला अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही बड़ा भरोसा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि न्याय पालिका संविधान की संरक्षक मानी गई है। और ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करने का प्रयास किया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव

# हरियाणा में सांसद कुमारी शैलजा बनीं मुख्यमंत्री पद की दावेदार.....

गुरुग्राम/ एजेंसी

हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस की वर्तमान सांसद कुमारी शैलजा भी मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा मजबूत कर रही हैं। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में कुमारी शैलजा ने 2 लाख 68 हजार से भी अधिक मतों से जीत दर्ज की थी। उन्होंने चुनाव में बीजेपी के अशोक तंवर को शिकस्त दी थी। तीन बार लोकसभा और एक बार राज्य सभा की सदस्य रह चुकीं कुमारी शैलजा ने राजनीति की शुरूआत महज 25 साल की उम्र में कांग्रेस के साथ की। हिसार में रहने वाले चौधरी दलबीर सिंह के घर में 24 सितंबर 1962 को पैदा हुई कुमारी शैलजा की मेहनत और लगन को देखकर कांग्रेस पार्टी ने साल 1990 में प्रदेश अध्यक्ष बनाया। इसके बाद वह पहली बार सिरसा लोकसभा सीट पर साल 1991 के चुनाव में उतरीं और जीत कर संसद पहुंची। उन्होंने 1996 के लोकसभा चुनावों में इसी सीट से दोबारा विजय हासिल की और पहले



नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री बनी थीं। तीसरी बार वह साल 2004 के लोकसभा चुनावों में अंबाला लोकसभा सीट से जीत कर मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री बनीं थीं। उन्होंने राष्ट्रमंडल महिला संसदीय संचालन समिति की सदस्य, मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा। और संस्कृति विभाग में केंद्रीय राज्य मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन और संस्कृति मंत्री के रूप में कार्य किया है। उन्हें राष्ट्रमंडल मानव बस्तियों पर सलाहकार समूह (सीसीजीएचएस) का अध्यक्ष भी चुना गया था। शैलजा को वायु गुणवत्ता के विनियमन, वायु प्रदूषण के उन्मूलन और औद्योगिक इकाइयों के लिए प्रदूषण मानदंडों में गहरी रुचि है।

सीजेआई का बड़ा एलान

# बदलनी होगी तारीख पर तारीख की संस्कृति कानून मंत्री मेघवाल

नई दिल्ली/ एजेंसी

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को भारत मंडपम में आयोजित जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए एक ठोस योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तीन मुख्य चरण हैं। जिसमें पहले चरण में जिला स्तर पर मामलों के प्रबंधन के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। ये समितियां लंबित मामलों और रिकॉर्ड की स्थिति की जांच करेंगी। दूसरे चरण में, उन मामलों का निपटारा किया जाएगा जो 10 से 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। तीसरे चरण में, जनवरी 2025 से जून 2025 तक दस वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिए विभिन्न तकनीकी और डाटा प्रबंधन प्रणालियों की जरूरत होगी।लंबित मामलों से निपटने के अन्य उपायों में विवादों का समाधान करने की पहल भी शामिल है। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की, जिसमें 1,000 से ज्यादा मामलों का समाधान किया गया। मुख्य



### बदलनी होगी तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति: कानून मंत्री

वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का विषय है। आज, न्यायपालिका में विभिन्न स्तरों पर काम करने वाले सभी महान लोगों का एक ही लक्ष्य है- विकसित भारत का निर्माण। उन्होंने आगे कहा, एक अच्छी न्याय प्रणाली का होना जरूरी है, ताकि नागरिक अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

न्यायाधीश ने आगे यह भी कहा, हमें यह स्थिति बदलनी होगी कि हमारे जिला न्यायालयों में केवल 6.7 फीसदी इन्फ्रास्ट्रक्चर ही महिलाओं के अनुकूल है। आज के समय में जब कुछ राज्यों में भर्ती में 60 फीसदी से 70 फीसदी महिलाएं हैं, तो क्या यह स्वीकार्य है हमारी प्राथमिकता है।

### अपने प्रदेश को सुरक्षित नहीं रख पा रहीं सीएम ममता, लगाया जाए राष्ट्रपति शासन

**नईदिल्ली।** पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज फिर ममता बनर्जी पर बोला हमला है। चिराग पासवान ने कहा कि हम चाहते हैं कि वहां पर केंद्र सरकार राष्ट्रपति शासन लागू करवाए। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की घटना पर जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। ममता बनर्जी अपने प्रदेश को सुरक्षित नहीं रख पा रही हैं। ऐसे में एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी वहां पर महिला सुरक्षित नहीं हैं। वहीं, इसके पहले चिराग पासवान ने पिछले हफ्ते ममता बनर्जी पर अपनी ही।

विष्णु भैया का सजा घर तीजा-पोरा पर...

# बहनों और माताओं को मायके में दी जाएगी महतारी वंदन योजना की उपहार राशि-मुख्यमंत्री विष्णुदेव....

- पारंपरिक नंदिया-बइला और खिलौनों से सुसज्जित हुआ आंगन,राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के पोस्टर का विमोचन होगा

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा हरेली पर्व मनाने के बाद अब विष्णु भैया का घर यानी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मुख्यमंत्री निवास तीजा-पोरा के पारंपरिक गौरव की झांकी तरह सज रहा है। मुख्यमंत्री निवास को मिट्टी के खूबसूरत नंदिया बइला और रंगीन खिलौनों से सजाया जा रही है। परंपरागत वंदनवार के रंग बिखरने लगे हैं। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री साय की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय सजावट के साथ-साथ परंपरागत छत्तीसगढ़िया व्यंजनों के साथ ठेठरी-खुरमी बनाने की तैयारी भी करवा रही हैं। तीजा-पोरा तिहार से पहले मुख्यमंत्री श्री साय अपने



निवास से ही बटन दबाकर 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन के एक- एक हजार रुपए भी भेजने वाले हैं। हरेली की तरह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रायपुर स्थित निवास में तीजा-पोरा का तिहार 2 सितम्बर को सुबह 11 बजे से उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री निवास परिसर में छत्तीसगढ़ की परम्परा और रीति-रिवाज के अनुसार साज-सज्जा की गई हैं। इस मौके पर नांदिया-बैला की पूजा की जाएगी। तीजा महोत्सव का आयोजन होगा। तीजा-पोरा त्यौहार के लिए कार्यक्रम में बहनों को आमंत्रित किया गया है। इस तरह महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री निवास एक दिन के लिए मायका बन जाएगा।



मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के दौरान कलाकार भरतनाट्यम प्रस्तुत करते हुए।

निर्वाचन आयोग ने भाजपा के कहने पर

# जम्मू-कश्मीर में मतगणना की तारीख बदली:महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने भाजपा के इशारे पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना की तारीख बदली है. मुफ्ती ने यहां पत्रकारों से कहा, वे (निर्वाचन आयोग) वही करते हैं जो भाजपा के अनुकूल होता है. जब मैंने (लोकसभा) चुनाव लड़ा, तो उन्होंने अनावश्यक रूप से (मतदान की) तारीख बदल दी. सब कुछ



भाजपा और उससे संबद्ध संगठनों की इच्छा के अनुसार होता है. मुफ्ती यहां पार्टी कार्यालय में कई नेताओं के पीडीपी में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं.

शिवाजी महाराज के नाम पर राजनीति न करें महायुति सरकार और विपक्ष: जरांगे

# ठाकरे ने शिवाजी की प्रतिमा ढहने की घटना को अक्षम्य बताया

मुंबई/ संवाददाता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के विरोध में दक्षिण मुंबई स्थित हुतात्मा चौक से 'गेटवे ऑफइंडिया' तक रविवार को 'महा विकास आघाडी' (एमवीए) के मार्च का नेतृत्व किया. एमवीए नेताओं ने प्रतिमा ढहने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की आलोचना की.गठबंधन की घटक शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मांगी गई माफी में अहंकार की बू है, जबकि राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने इस घटना को भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया. मुंबई से करीब 480 किलोमीटर दूर मालवण तहसील के राजकोट किले में 17वीं सदी के मराठा योद्धा की प्रतिमा 26 अगस्त को ढह गई थी. इसका अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस के अवसर पर किया था.ठाकरे ने 'गेटवे ऑफइंडिया' पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, क्या आपने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की) माफी में अहंकार को देखा इसमें अहंकार की बू आ रही थी. इस गलती (प्रतिमा ढहने की



घटना) को माफ नहीं किया जा सकता. हम सभी यहां 'भाजपा को भारत से बाहर करने' की मांग को लेकर एकत्र हुए हैं. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोग महान योद्धा के अपमान को कभी माफ नहीं करेंगे. ठाकरे ने मोदी की गारंटी का उपहास उड़ाने के लिए प्रतिमा के ढहने, राम मंदिर में और नए संसद भवन परिसर में रिसाव का हवाला दिया.उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री किस बात के लिए माफी मांग रहे थे उस प्रतिमा के लिए जिसका उन्होंने आठ महीने पहले उद्घाटन किया था उसमें शामिल भ्रष्टाचार के लिए एमवीए काडरों को शिवाजी महाराज का अपमान करने वाली ताकतों को हराने के लिए मिलकर काम करना चाहिए. प्रतिमा का गिरना महाराष्ट्र की आत्मा का अपमान है. प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पालघर में अपने संबोधन के दौरान कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक नाम या राजा नहीं, बल्कि एक आराध्य देव हैं. उन्होंने कहा था, आज, मैं उनके चरणों में सिर झुकाता हूं और अपने आराध्य देव से माफी मांगता हूं. पवार ने विरोध मार्च में कहा, सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का गिरना भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है.

जैन यूथ मीट एवं कैरियर काउंसलिंग आरंभ-02 का आयोजन

# कैरियर निर्माण में धार्मिक संस्कारों को सदैव आत्मसाथ रखें : ब्रह्मचारी सुनील

**रायपुर।** चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर समिति द्वारा जैन यूथ मीट एवं करियर काउंसलिंग आरंभ- 2 का आयोजन वृंदावन हॉल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जैन समाज के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी भावी शिक्षा हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया। आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा मंगलदीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

बाल ब्रह्मचारी सुनील भैया के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित करियर काउंसलिंग संबंधी इस द्वितीय शिविर आरंभ-2 में मुख्य अतिथि श्रीमती रितु अमिताभ जैन, डॉ. प्रणय डा.शेफाली जैन रहे। नारायणपुर के एसडीएम वासु जैन (आईएएस) एवं श्रीमती अंशिका जैन (आईपीएस) ने ऑनलाइन जुड़कर आयोजन में अपने विचार व्यक्त किये। करियर काउंसलर के रूप में अध्यसा पट्टनायक एवं शिवली श्रीवास्तव ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर




अपने प्रेरणा-प्रद संबोधन में ब्रह्मचारी भैया सुनील जैन ने खुद की पहचान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुद से बड़ा शिक्षक कोई नहीं होता अत: स्वयं को पहचाने साथ ही अपने अभिरुचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण करें । आपने अभिरुचि को जीवन का एक महत्वपूर्ण दर्शन बताया । उन्होंने कहा कि हमें जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए लेकिन अति-आत्मविश्वास नुकसानदायक हो सकता है । आपने कहा कि हमें अपने कैरियर के लिए ऐसा रास्ता चुनना चाहिए जिसमें हमें संतोष प्राप्त हो जो हमें अंदर से आल्हादित करता हो ऐसा मार्ग चुने से परिणाम बहुत ही सकारात्मक रहते हैं साथ ही आपने कहा कि दृढ़ संकल्प करने के पहले भले ही आप कई बार विचार करें लेकिन जब एक बार आपने संकल्प कर लिया तो फिर पीछे ना हटते हुए पूरी शक्ति के साथ उसे संकल्प को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए, आपको सफलता निश्चित ही रूप मिलेगी । विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास ऐसा सर्किल बनाएं जिससे हमारी आंतरिक शक्ति में विकास हो हम ऐसे लोगों से ही मिले जो हमारी शक्ति व समझ को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हो । जीवन में भरपूर धूप ले ।

नए मित्र बनाएं । नई सोच के साथ आगे बढ़े । आपने कहा कि आज कल व्हाट्सएप पर तमाम मैसेज देख लेने के बाद कुछ भी याद नहीं रहता जबकि आप यदि किताब का अध्ययन करते हैं और उसके विचार को अपने दिमाग में रख लेते हैं तो वह जीवन पर्यंत आपको स्मरण में बना रहता है । साथ ही आपने कहा कि जीवन में जोखिम उठाने की क्षमता भी विकसित करनी होगी क्योंकि समय के अनुसार नहीं चलने पर आप पीछे रह जाएंगे साथ ही जोखिम उठाऐंगे तो निश्चित रूप से उसके दूरगामी परिणाम अच्छे आएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेविका श्रीमती ऋतु अमिताभ जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय की आवश्यकता है । इससे बच्चों को जो मार्गदर्शन मिलेगा वह जीवन में उन्हें मजबूती से खड़े रहने में सहायक होगा । पढ़ाई के साथ अतिरिक्त गतिविधियों को किया जाना बहुत जरूरी है । आपने संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने परिवार, धर्म, गुरुओं से मिले हुए संस्कारों को सदैव आत्मसात रखना चाहिए क्योंकि पेड़ों में भी मौसम आने पर पत्ते तो बदल जाते हैं लेकिन उनकी जडें वही रहती हैं । हमें घर परिवार से मिली संस्कारों की नींव जितनी मजबूत होगी हमारा भावी जीवन का भवन भी उतना ही मजबूत होगा । आपने कहा कि स्वयं पर विश्वास रखिए अच्छे मित्र बनाया और तनावपूर्ण वातावरण में रहकर शिक्षा परीक्षा में सहभागिता कीजिए आपको अवश्य ही अच्छे करियर में सफलता मिलेगी ।

## ऑपरेशन निजात: 2 किलो अफीम के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पंडरी एक्सप्रेसवे के नीचे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम के साथ एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलजिन्दर सिंह (49) के रूप में हुई है, जो पंजाब के गुरदासपुर जिले का निवासी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.106 किलोग्राम अफीम और एक एक्टिवा (क्रमांक सीजी 04 पीएस 5109) बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 32,13,340 रुपये आंकी गई है।

**निजात अभियान के तहत कार्रवाई:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार, रायपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'निजात' के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। शहर में नशीले पदार्थों की बिक्री और सप्लाई पर रोक लगाने के लिए गठित विशेष टीम ने लगातार प्रभावी कार्यवाही की है।

**मुखबिर से मिली सूचना पर हुई कार्रवाई:** 30 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि पंडरी एक्सप्रेसवे के नीचे एक व्यक्ति काले रंग की पगड़ी पहने हुए एक एक्टिवा वाहन में अफीम रखकर बेचने की कोशिश कर रहा है। इस सूचना पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और नगर पुलिस अधीक्षक अनुराग झा के निर्देश पर सिविल लाइन्स थाना प्रभारी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आरोपी को धर दबोचा।

**आरोपी और बरामदगी:** पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम कुलजिन्दर सिंह, निवासी गुरदासपुर, पंजाब बताया। तलाशी में उसके पास से 2.106 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। साथ ही, घटना में प्रयुक्त एक्टिवा को भी जप्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफथाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 475/24 के तहत धारा 18(बी) नारकोटिक एक्ट का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**गिरफ्तार आरोपी:**

नाम: कुलजिन्दर सिंह उम्र: 49 वर्ष पता: ग्राम कल्लू सोहना, थाना कादिया, जिला गुरदासपुर, पंजाब (वर्तमान में श्यामनगर, थाना तेलीबांधा, रायपुर) **कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम:** उपनिरीक्षक नरसिंह साहू, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद शुक्ला, प्रधान आरक्षक टीकेमणी कुमार, आरक्षक महेन्द्र वर्मा, कमलेश सिंह राजपूत, दीपक पटेल, तोरण उपाध्याय और मेघराज बैस इस महत्वपूर्ण कार्रवाई से रायपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर एक और कड़ा प्रहार किया है।

## आमजनों को मिले फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ : राज्यपाल डेका

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने बिलासपुर जिले के प्रवास के दौरान जिले के अधिकारियों से विकास एवं अन्य गतिविधियों पर बैठक लेकर उनसे सामान्य परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का आमजन मानस को शत-प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। राज्यपाल ने जल संरक्षण एवं जल संचयन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, परंपरागत एवं जैविक खेती प्रोत्साहन, टी.बी उन्मूलन आदि विषयों पर अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर चलाए जा रहे वृक्षारोपण के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने कृषि विभाग के अधिकारी से परंपरागत कृषि एवं जैविक खेती प्रोत्साहन, फसल बीमा आदि विषयों पर की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर जिले के प्रगतिशील किसानों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बीमा



के प्रति जागरूक करें ताकि बीमा योजना का शत प्रतिशत लाभ उन्हें मिल सके। राज्यपाल ने जिले में टीबी उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों एवं प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए बेहतर मॉनिटरिंग करने एवं इसके प्रति लोगों को जागरूक करने कहा। रेडक्रॉस के संबंध में जानकारी ली । उन्होंने कहा कि ड्रग्स पेडलिंग के कारण युवा काफी प्रभावित हो रहा है इसके लिए सभी आवश्यक उपाय करें तथा नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य आधारभूत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कहीं। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में सहकारी गतिविधि बढ़ाने के लिए भी कहा ताकि अंचल में रहने वाले लोगों को सशक्त बनाते हुए मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। इसके साथ-साथ उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने विभागीय दायित्वों को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करने तथा बेहतर नवाचार के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी, एनसीसी के कमाण्ड अधिकारी एवं सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा सदस्यता अभियान 2 सितंबर से, तैयारी को लेकर संभागीय बैठकें जारी...

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेशभर में तैयारी जोरों पर है। शनिवार को प्रदेश के सभी पांच संभागों रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर, और सरगुजा में संभागस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को अभियान के हर पहलू पर मार्गदर्शन दिया और इस महापर्व को सफल बनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। 2 सितंबर से शुरू होगा सदस्यता अभियान: भाजपा के इस सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के हाथों सदस्यता ग्रहण करने से होगी। इसके बाद, 3 सितंबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक भव्य कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों सदस्यता ग्रहण कर राज्य में इस अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**संभागीय बैठकों में मार्गदर्शन:** रायपुर में आयोजित बैठक में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा, 卐भाजपा का सदस्य बनना गर्व की बात है। हमें ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाकर पार्टी को मजबूत करना है। इस अभियान में हर वर्ग के लोगों तक पहुंचना होगा।卐 उन्होंने कार्यकर्ताओं को कमजोर बूथों और उन इलाकों में अधिक ध्यान देने की सलाह दी, जहां भाजपा की उपस्थिति कम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, 卐सदस्यता अभियान भाजपा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, और हमारी सक्रियता के कारण ही हम दुनिया की



सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं।卐 उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान में पूरी सक्रियता से भाग लेने का आह्वान किया।

**महिलाओं की भागीदारी पर जोर:** महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि अभियान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से महिलाएं खुश हैं और वे भाजपा से जुड़कर सेवा करने के लिए उत्सुक हैं।

**प्रदेशभर में सदस्यता अभियान:** छत्तीसगढ़ के 35 जिलों और 405 मंडल इकाइयों में 4 और 6 सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू होगा। प्रदेशभर में कुल 23,681 बूथों पर अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बूथ पर 200 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह समारोह में शामिल हुए राज्यपाल-मुख्यमंत्री

# विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक : राज्यपाल डेका

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 5वें दीक्षांत समारोह में शिरकत की। उन्होंने 64 विषयों में विद्यार्थियो को 92 गोल्ड मेडल तथा 48 को पी.एच.डी. और 35 हजार 291 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा शामिल हुए। उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था में अमूल्य योगदान पर पी.एच.डी. की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में इससे पहले दीक्षांत समारोह शोभायात्रा निकाली गई। दीक्षांत समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी शामिल हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल, धरम लाल



कौशिक, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव एवं दिलीप लहरिया शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार और मासिक पत्रिका अटल दृष्टि का विमोचन किया। कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि विश्वविद्यालय हमारी सामूहिकता, ज्ञान और संस्कृति के संरक्षक है। वे ऐसे स्थान है जहां इतिहास संरक्षित किया जाता है। साहित्य का विश्लेषण किया जाता है। आप अपनी पढ़ाई के माध्यम से विचार के विविध क्षेत्रों में जुड़ रहें है मानवता के बारे में आपकी विचार को समृद्ध किया जा रहा है। भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 दूरदर्शिता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका उद्देश्य युवाओं को तेजी से गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के लिए कौशल और ज्ञान से परिपूर्ण करना है। छत्तीसगढ़ के लिए यह नीति प्रगतिशील सुधारों की लहर लाती है, जो हमारे शैक्षणिक संस्थानों पर गहरा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम को न केवल उभरते हुए रूझानों और प्रौद्योगिकी के प्रति गतिशील और उत्तरदायी बनाना चाहिए बल्कि इसमें भारतीय परंपरा की समृद्ध विरासत भी शामिल होनी चाहिए। हम मिलकर एक उच्च शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर सकते हैं, जो न केवल हमारे छात्रों की जरूरतों का पूरा करेगी बल्कि हमारे राज्य और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान देगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि देश विकसित भारत /2047 के संकल्प हेतु क्रियाशील है, हम भी प्रदेश में विकसित छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। मैं आश्वस्त हूँ कि इस दीक्षांत समारोह के बाद इस संस्थान के प्रतिभाशाली युवा अपनी रूचि के क्षेत्रों में अपना और अपने विश्वविद्यालय का नाम रौशन करते हुए इस संकल्प को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह विश्वविद्यालय अपने नवाचारों से एक उदाहरण बनता जा रहा है। मुझे यह भी ज्ञात हुआ है कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के अंतर्गत विश्वविद्यालय को 20 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जो प्रशंसनीय है तथा इससे विश्वविद्यालय की अधोसंरचना का विस्तार होगा और यहां उच्च शिक्षा का स्तर और भी उन्नत होगा। हमें तक्षशिक्षा, नालंदा जैसे भारतीय परपंरा के विशिष्ट विश्वविद्यालय को अपना आदर्श मानते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में प्रोत्साहन देना है। भारत हमेशा से ज्ञान के क्षेत्र में विश्वगुरु रहा है। हमें पुन: विश्वविद्यालयों को उस प्रतिष्ठा तक पहुँचाने में प्रयासरत होना है।

## संक्षिप्त समाचार

### सैमसंग ने भारतीय ग्राहकों के लिए 10 बड़े साइज की कस्टम AI वॉशिंग मशीनें लॉन्च की हैं

**बेंगलुरु:** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज 10 बड़ी साइज की फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों की नई रेंज लॉन्च की है। ये AI-संचालित मशीनें भारतीय ग्राहकों के लिए कपड़े धोने को और भी आसान बना देती हैं, जिससे कपड़े धोना अब एक आसान काम बन गया है। नई वॉशिंग मशीनें 12 किलोग्राम के बड़े साइज में आती हैं, जिससे भारतीय ग्राहक एक बार में ज्यादा कपड़े धो सकते हैं। इसमें कंबल, पर्दे और साड़ियाँ जैसे बड़े कपड़े भी आसानी से धोए जा सकते हैं। सैमसंग इंडिया की नई 12 किलोग्राम AI वॉशिंग मशीनों की कीमत 52,990 रुपये से शुरू होती है। ये आधुनिक वॉशिंग मशीनें फ्लैट ग्लास डोर, बेस्पोक डिज़ाइन और AI वॉश, AI एनर्जी मोड, AI कंट्रोल और U AI इकोबबल जैसी उन्नत सुविधाओं के साथ आती हैं। सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज के वरिष्ठ निदेशक सौरभ बैशाखिया ने कहा, ' 'भारतीय ग्राहक अब ऐसे डिजिटल उपकरणों को पसंद करते हैं जो बिना ज्यादा मेहनत के बेहतर धुलाई कर सकें और साथ ही बिजली और समय की भी बचत करें। हमारी नई 12 किलोग्राम AI-से चलने वाली वाशिंग मशीन उपभोक्ताओं को एक बार में ज्यादा कपड़े धोने की सुविधा देती है, जिससे उन्हें कम मेहनत में बेहतर परिणाम मिलते हैं। फ्रंट-लोड बेस्पोक AI वॉशिंग मशीनों की नई रेंज सरल और प्रभावी धुलाई प्रदान करती है। प्रीमियम बेस्पोक AI वॉशिंग मशीन रेंज के साथ, हमारा उद्देश्य उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना है जो प्रदर्शन, सुविधा और स्टाइल को प्राथमिकता देते हैं, और बड़ी क्षमता वाली वॉशिंग मशीनें पसंद करते हैं।' ' व्यक्तिगत लॉन्ड्री सुविधा के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाते हुए, सैमसंग की बेस्पोक एआई वॉशिंग मशीनें स्मार्टथिंग्स ऐप के साथ मिलकर काम करती हैं और 2.8 मिलियन डेटा पॉइंट्स का इस्तेमाल करके यूजर्स की धुलाई की जरूरतों के हिसाब से काम करती हैं। यह मशीन हर धुलाई में काफी ऊर्जा बचाती है। एआई एनर्जी मोड की वजह से 70 प्रतिशत तक ऊर्जा की बचत होती है, जिससे बिजली का बिल भी कम हो जाता है।

### नए शानदार रंग, नए फीचर्स और बढ़िया स्टाइल रॉयल एनफील्ड ने लॉन्च की 2024 क्लासिक 350

**नईदिल्ली।** रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350, अपनी सदाबहार खूबसूरती, पुराने जमाने के आकर्षण, और मजबूत स्वभाव के साथ, 2008 में लॉन्च होने के बाद से शानदार ऑटोमोटिव डिजाइन, खूबसूरती और इंजीनियरिंग का प्रतीक रही है। इस मोटरसाइकल में हमेशा रॉयल एनफील्ड की असली पहचान बनी रही है। आज इसी मोटरसाइकिल का नया रूप, 2024 क्लासिक 350, लॉन्च किया गया है। 2024 क्लासिक 350 में रॉयल एनफील्ड के सभी खास गुण बरकरार हैं, और यह अपनी खूबसूरती के साथ-साथ लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध भी है। नए फीचर्स और शानदार रंगों के साथ, नई 2024 क्लासिक 350 की शुरुआती कीमत 1,99,500 रुपये है। इसकी बुकिंग्स और टेस्ट राइड पूरे भारत में 1 सितंबर 2024 से शुरू हो रही है। क्लासिक 350 को पाँच नए वैरिएंट्सऔर सात शानदार रंगों में लॉन्च किया गया है - हेरिटेज (मैड्रास रेड और जोधपुर ब्लू), हेरिटेज प्रीमियम (मेडलियन ब्रॉन्ज), सिग्नल्स (कमांडो सैंड), डार्क (गन ग्रे और स्टील्थ ब्लैक) और क्रोम (एमरैल्ड)। 2024 रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 में एलईडी हेडलैंप्स, एलईडी पायलट लैंप, गियर पोजिशन इंडिकेटर, और टाइप सी यूएसबी चार्जिंग प्वाइंट जैसे बेहतरीन फीचर्स दिए गए हैं। इसमें रॉयल एनफील्ड की खास पहचान और स्टाइल को बनाए रखा गया है। इसके अलावा, टॉप मॉडल्स - एमरैल्ड और डार्क सीरीज में अडजस्टेबल लीवर, एलईडी ट्रैफिकेटर्स और ट्रिपर पॉड जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं। रॉयल एनफील्ड के सीईओ, बी गोविंदराजन ने 2024क्लासिक 350के बारे में कहा, क्लासिक 350, रॉयल एनफील्ड की असली मोटरसाइकिल पहचान का सही रूप है। यह मोटरसाइकिल अपनी खूबसूरती, शानदार कारीगरी, और सदाबहार स्टाइल के लिए जानी जाती है। सालों बाद भी इसका आकर्षण और खासियत जस का तस बना हुआ है, और यह लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध है। साथ ही, इसमें कस्टमाइजेशन की भी कई संभावनाएं हैं। हम इन सभी खूबियों को बरकरार रखते हुए क्लासिक 350को नए फीचर्स के साथ लॉन्च कर रहे हैं।

### ग्लोफैंस हाई स्कूल कप का ऐतिहासिक शुभारंभ; पुरस्कार समारोह के साथ ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के आगाज़ का ऐलान

**नई दिल्ली:** ग्लोबल हाई स्कूल क्रिकेट कप के लिए ट्रॉफी लॉन्च और पुरस्कार समारोह के साथ आज होटल हॉलिडे इंटरनेशनल, शारजाह में ग्लोफैंस हाई स्कूल कप का ऐतिहासिक शुभारंभ हुआ। मुख्य इवेंट शारजाह और अजमान में होगा, जबकि प्रशिक्षण सुविधाएं दुबई में होंगी। इस साल दुनिया भर से 20 शीर्ष स्कूल टीमें भाग लेंगी। 6 दिवसीय टूर्नामेंट होगा और हर दिन दो मैच होंगे और दो डे-नाइट मैच फ्लडलाइट्स में खेले जाएंगे। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज, मौजूदा खिलाड़ी और प्रतिष्ठित हस्तियां इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। यह आयोजन एक शानदार सफलता थी, जिसमें टूर्नामेंट की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण, थीम गीत का शुभारंभ और आधिकारिक टी-शर्ट की प्रस्तुति शामिल थी, जिसने आगामी प्रतियोगिता के प्रति बढ़ते उत्साह में योगदान दिया। विश्व कप के दिग्गज, महान कोच और पूर्व अंग्रेज क्रिकेटर डेव व्हाटमोर ने भव्य थीम गीत के अनावरण के साथ शाम का माहौल बनाया। इस अवसर पर प्रतिष्ठा की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए व्हाटमोर ने कहा, युवा प्रतिभाओं और स्कूली क्रिकेट खिलाड़ियों को पोषित करना महत्वपूर्ण है, जो भविष्य के सितारों को आकार देने में स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका है। आधिकारिक टी-शर्ट लॉन्च का संचालन श्री शहजाद अल्ताफ ने किया, जो 1996 के विश्व कप के एक प्रसिद्ध यूएई खिलाड़ी और यंग टैलेंट क्रिकेट अकादमी के दूरदर्शी संस्थापक हैं। क्षेत्र में जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास के लिए उनका समर्पण स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट और इसके महत्व के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया। इस आयोजन का एक मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित खेल विशेषज्ञ और स्पोर्ट्स क्विज़ ऐप गोल्फ़ेंस के संस्थापक श्री सुनील यश कालरा द्वारा आयोजित आकर्षक चैट शो था।

# कलेक्टर डॉ. मित्तल के सख्त निर्देश समय पर राशन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता, लापरवाह दुकान निरस्त करें

## अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी और उचित मूल्य दुकान का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी



**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों सभी विकास खंड में खाद्य विभाग की टीम, सरपंच, और उचित मूल्य दुकान के संचालकों की संयुक्त बैठक लेकर सभी पात्र राशनकार्ड धारी हितग्राहियों प्रत्येक माह निर्धारित समय में राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई पात्र हितग्राही राशन से वंचित न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने कहा कि जो उचित मूल्य दुकान के समय पर राशन उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। या लापरवाही कर रहे हैं, ऐसे उचित मूल्य दुकानों को निरस्त करने की प्रक्रिया करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को समय पर राशन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी इसका विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अपने विकास खंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र का भी आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्र के माध्यम से बच्चों को पोष्टिक आहार दिया जा रहा है कि नहीं इसकी नियमित निगरानी करने के लिए कहा है।

**समय पर खोलें आंगनबाड़ी** -कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी समय पर खुले और बच्चों की नियमित उपस्थिति आंगनबाड़ी में रहें ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सभी विकास खंड के सहायक खाद्य अधिकारी उपस्थित थे।

**राजस्व अधिकारियों की बैठक**-कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने ने एसडीएम सहित राजस्व अमला को उचित मूल्य दुकान, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा के भीतर में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के लिए कहा है। कलेक्टर ने तहसीलदारों को कार्यलयीन दिवस में कोर्ट लगाकर समय-सीमा के बहार वाले प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आरबीसी छह-चार के तहत पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के लिए कहा है और उनके नजदीकी के वारिसान को ही सहायत राशि देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रिकार्ड दुस्तीकरण, व्यपवर्तन, डिजीटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टि, अभिलेख शुद्धता, नक्शा नवीनीकरण, आविवादित खाता विभाजन आदि प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा किए। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को गिरदावरी कार्य में भी प्रगति लाने के लिए कहा है। इसके लिए गांव के ही शिक्षित व्यक्ति को सर्वेक्षण कार्य के लिए राजस्व टीम में शामिल करने और गिरदावरी कार्य के दौरान किसान के खेत में पटवारी, आर.आई., तहसीलदार को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल जल जीवन मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की




**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाली जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर महोबे ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और फील्ड विजिट कर यह सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएँ समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य की जानकारी लेते हुए धीमी कार्य करने वाले 9 ठेकेदारों को नोटिश जारी करने के निर्देश दिए। वही कार्य प्रारंभ नही करने वाले एक ठेकेदार को दिए गए नोटिस का निर्धारित समय में जवाब नही मिलने पर ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 486 ग्रामों में 1 लाख 31 हजार 380 घरेलू नल कनेक्शनो में जल प्रदाय प्रारंभ किया जा चुका है और 174 गांवों का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर महोबे ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएं। उन्होंने जल आपूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही जल स्त्रोतों की कमी, तकनीकी दिक्कतें सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन के कार्यो में जिन कारणों से दिक्कत आ रही है, उसे दूर करते हुए कार्य करे।

विभाग के अधिकारी कारणों का चिन्हाकिंत करते हुए संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा ताकि मिशन के उद्देश्यों को समय पर पूरा किया जा सके और जनता को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क तोड़ते है तो पाइप लाइन बिछाने के बाद उसका जल्द ही मरम्मत करना सुनिश्चित करें। ऐसे जल की कमी से प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्तायुक्त कार्य पूरा करें। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यो की ग्रामवार समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों से ग्राम वार प्रगति की पूरी जानकारी ली।

# शहर में हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर की भारी नाराजगी, सीएमओ के साथ किया विकास कार्यों का निरीक्षण






**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज जनपद कार्यालय सक्ती व नगर पालिका सक्ती क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 बुधवारी बाजार में फुटबाल ग्राउंड, लॉन टेनिस और बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा संबंधित ठेकेदार को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी सक्ती को दिए तथा गुणवत्तापूर्ण व तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर तोपनो ने जनपद कार्यालय सक्ती का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में किये जा रहे कार्यों का निरिक्षण किया, निरिक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए व्यवस्थित बैठक व्यवस्था रखने कहा, उन्होंने कार्यालय परिसर व विभिन्न शाखाओं में बेहतर साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए द्य कलेक्टर ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने तथा कार्यालय में आने वाले आमजन को शासन की विभिन्न योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा कार्यालय परिसर के सामने वाहनों के सुव्यवस्थित रख-रखाव किये जाने सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए द्य निरिक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी सक्ती संजय सिंह, एडीसनल सीईओ सुअन्नपूर्णा कसेर सहित जनपद पंचायत और नगरपालिका परिषद सक्ती के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# महिला जागृति शाखा की अनुकरणीय पहल : शहर में देहदान नेत्रदान के लिए किया जागरूकता कार्यक्रम एवं निकाली रैली




**रायगढ़।** अखिल भारतीय स्तर पर मारवाड़ी युवा मंच ने विगत कई वर्षों से निरंतर देहदान,अंगदान एवं नेत्रदान को लेकर एक जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया है, इसी श्रृंखला में विगत दिनों छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी चंद्रपुर में संपन्न छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक चंद्रोदय में महिला जागृति शाखा शक्ति को भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया था तथा महिला जागृति शाखा सदैव जहां इस कार्य को लेकर जागरूकता अभियान चलाती रहती है. वहीं महिला जागृति शाखा ने शक्ति शहर के कंचनपुर में स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल में पहुंचकर बच्चों के बीच जहां अंगदान एवं नेत्रदान को लेकर ड्राइंग कंपटीशन आयोजित किया तो वहीं बच्चों को इस महत्वपूर्ण कार्य के प्रति जागरूक भी किया साथ ही इस कंपटीशन में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया, इस अवसर पर जहां विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे तो वहीं बच्चों के बीच पोस्ट अभियान चलाकर रैली भी निकाली तथा जिंदल वर्ल्ड स्कूल शक्ति के बच्चों ने भी इस अभियान में अपना योगदान देते हुए इसे निरंतर जन जागरूकता के रूप में चलने की बात कही वहीं विद्यालय परिवार ने भी कहा कि वर्तमान समय में हमें ऐसे रचनात्मक कार्यो के लिए अग्रणी होकर अपना योगदान देना चाहिए तथा यह एक जन जागरूकता का कार्य है जिससे लोगों को प्रेरित किया जा सकता है, वही इस अवसर पर महिला जागृति शाखा के भी काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे जिसमें प्रमुख रूप से शक्ति शाखा की अध्यक्ष उषा आनंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना नरेश गेवाडीन, पूर्व अध्यक्ष मंजुला विनोद अग्रवाल, पूर्व सचिव रितु पवन अग्रवाल, कविता मनीष गोयल, मीनू अग्रवाल, रंकी अग्रवाल, निधि अग्रवाल, जिंदल वर्ल्ड स्कूल शक्ति के डायरेक्टर ऋषभ अग्रवाल, प्राचार्य वेंकट प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ठेले वाले से मारपीट करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी अतुल रात्रे (23 वर्ष), निवासी जूटमिल को कयाघाट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी कयाघाट पर देखा गया है, जिसके बाद मौके पर दबिश देकर उसे पकड़ा गया। मामला 26 जुलाई का है, गोकुल जायसवाल ने थाना चक्रधरनगर में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गोकुल, जो कि जमुना इन चैक शराब भट्ठी के पास मूंगफली और मुर्रा चना बेचते हैं, ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे तीन युवक- मूनशाद खान, संदीप नेताम उर्फ शाकाल और अतुल रात्रे ठेले के पास रूपये मांगने लगे, नहीं देने पर गाली गलौच कर ठेले के सामान को फेंकने लगे जिन्हें इसका बेटा अर्पित जायसवाल मना किया तो उस पर हमला कर दिए। इस मामले में मूनशाद खान और संदीप नेताम उर्फ शाकाल को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मूनशाद खान के मेमोरेंडम पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया था। फरार चल रहे तीसरे आरोपी अतुल रात्रे को आज दोपहर कयाघाट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी अतुल रात्रे को विधिवत गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर भेज दिया है।

# बीच सड़क में फंस रही यात्री बसें, भारी वाहनों की भी लग रही लंबी कतार, स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में नव निर्मित पुल में मिट्टी डाल देने से इस मार्ग में यात्री बसों के अलावा कई गाड़ियां फंस रही है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामला धरमजयगढ़ -हाटी मुख्यमार्ग का है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बायसी और प्रेमनगर के बीच नया पुल बनाया गया है। जिसमें इस मार्ग से गुजरने वाली यात्री बसों के अलावा भारी वाहन फंस रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि धरमजयगढ़ -हाटी मुख्यमार्ग पुल निर्माण के बाद सड़क में मिट्टी डाल दिया गया, और क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से यहां की सड़क मिट्टी के दलदल में रूप में तब्दील हो चुकी है। इस वजह से इस मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियां यहां फंसने लगी जिससे यह मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है।

**यात्रियों ने धक्का मारकर निकाली बस**-स्थानीय ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बीती रात भी इस पुल में कई गाड़ियां फंसी थी और इस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था। शुक्रवार की सुबह यहां दलबल में फंसी यात्री बस को निकालने जब कोई भी नही पहुंचा तब बस में सवार यात्री ही बस को धक्का मारकर बाहर निकालते नजर आये।

**स्कूली छात्रों को भी हो रही परेशानी**-यहां की बदहाल सड़क की वजह से स्कूली छात्रों को भी स्कूल आने जाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि जल्द ही इस समस्या का समाधान नही होता है तो वे आने वाले दिनों में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# पूंजीपथरा और लैलूंगा पुलिस ने स्कूलों में छात्रों को अपराधों से बचाव की दी महत्वपूर्ण जानकारी



**रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े, उप निरीक्षक मानकुंवर और उनकी टीम द्वारा हाई स्कूल कोडासिया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को साइबर क्राइम, बालकों के अधिकार, नवीन कानून, पॉक्सो एक्ट और यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही, छात्रों को अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान, पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर विशेष जोर दिया, जिसमें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके समझाए गए। उन्होंने बालकों के अधिकारों और नवीन कानूनों के बारे में भी बताया, जिससे छात्र अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण से खुद को सुरक्षित रख सकें। यातायात नियमों की जानकारी देकर, छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया गया।इस कड़ी में, थाना पूंजीपथरा के सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का और प्रधान आरक्षक अमित तिर्की ने शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय ग्राम बडगांव में भी इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहाँ भी छात्र-छात्राओं और अध्यापकगण को साइबर अपराधों और नए कानूनों की जानकारी देकर, अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों में खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे समाज में सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरपूर जीवन व्यतीत कर सकें।

## सड़क पर फेंका मेडिकल एक्सपेरि वेस्ट, ऋषभ मेडिकल सेल को देना पड़ा 2 हज़ार का जुर्माना

# घर और दुकान के बाहर कचरा डालने वाले सावधान, गंदगी फैलाने पर भरना होगा भारी जुर्माना : आयुक्त





**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था लागू कर दी गई है। आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में परमेश्वर कुमार,महेंद्र धर्मकार एवं स्वास्थ्य विभाग अमले के साथ शनिवार को महिला समृद्धि कॉम्प्लेक्स में ऋषभ सेल दवाई दुकान के द्वारा खुले में एक्सपेरि मेडिकल वेस्ट फेका गया, कार्रवाही के दौरान मेडिकल संचालक से 2000 रुपये जुर्माना कार्रवाही कर भविष्य के लिए चेतावनी दी गई. नगर निगम क्षेत्र रहवासियों एवं दुकानदारो द्वारा अगर अपने घर और दुकान के बाहर कचरा फेंका तो उन्हें भारी भरकम जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके तहत सफाई के नियम तोड़ने पर 100 रुपए से 5 हजार रुपए प्रतिदिन का जुर्माना भरना पड़ेगा.निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता को प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है. बाजारों में लोग सफाई करने के बाद कचरा डाल देते हैं, जो गलत है. समझाइश के बाद भी लोग इसको लेकर गंभीर नहीं है.ऐसे में जुर्माने का प्रावधान किया गया है. इस व्यवस्था पर निरन्तर स्वास्थ्य अमले द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। बता दे कि कचरा फेंकने पर जुर्माना वहीं रहवासी क्षेत्र के घर के बाहर अगर कचरा पड़ा रहता है तो यह माना जाएगा कि कचरा घर मालिक ने डाला है. शुरुआती दौर में समझाइश का भी प्रयास किया जाएगा. अंतत जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि रहवासी क्षेत्र में लोगों के घरों से कचरा एकत्र करने के लिए सुबह गाड़ियां लगाई हैं. ज्यादातर लोग इसका उपयोग भी कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग अभी भी वहां कचरा नहीं डाल कर सड़कों पर कचरा फेंक देते हैं. ऐसे में जुर्माना लगाना बहुत आवश्यक है।

# शहर के अलग-अलग स्थानों पर सड़क पर खड़ी वाहनों से वसूला अर्थदंड



**दुर्ग।** सड़क किनारे बस एवं कंडम गाड़ी खड़ी करने वाले हो जाये सावधान,नगर निगम रख रही है नजर,गाड़ी खड़ी देखे जाने पर जुर्माना की कार्रवाही के लिए रहे तैयार नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश एवं यातायात पुलिस अधिकारी सतीश ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर निगम अतिक्रमण अमले एवं यातायात पुलिस द्वारा सडक में बाधा उत्पन्न करने वाले बसो पर की गई कार्यवाही कर जुर्माना की राशि वसूली की गई।साथ ही साथ निगम 8 बस मालिकों पर की गई जुर्माना की कार्यावाही !बता दे कि कार्रवाही शहर के मुख्य मार्ग मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क, गंजपारा उतई तिहारा, जेल रोड में सडक किनारे खडी बस मालिको पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूल किया गया और साथ ही बस मालिकों को समझाईस के साथ चेता वनी दी गई की इस प्रकार सडक किनारे अपने वाहन खडा न करे.सड़क किनारे वहां खड़ी कराने से किसी प्रकार की कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है.इस प्रकार की कार्यवाही आगे निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाही के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,योगेश सूरे,यातायात पुलिस राजेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बाहरी दवा लिखने वाले डॉक्टर से मरीज परेशान,दोषी पाए जाने पर भी प्रभारी बीएमओ ने दिया अभयदान

# कई वर्षों से एक ही जगह पदस्थ प्रभारी बीएमओ की मनमानी बदस्तूर जारी,कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

**पृथक छत्तीसगढ़/पामगढ़**

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि गलती करने वाले को माफ़ करना अच्छी बात है लेकिन ये केवल स्वयं माफ करने वाले व्यक्ति के व्यक्तिगत मामलों तक ही सीमित हो तो ही ठीक है। जहाँ पर किसी की गलती से सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे हों और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता हो तो ऐसे मामलों में गलती करने वाले को माफ़ करना अपने आप में खुद एक बड़ी गलती बन जाती है। इससे गलती करने वाले को अपने किये पर पछतावा नही होता बल्कि उसका हौसला और बढ़ जाता है। जिसका नतीजा यह होता है कि गलती करने वाला बेखौफहोकर गलतियां करने लगता है। इसी तरह का मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में देखने को मिल रहा है जहाँ के स्टाफ खुलेआम नियमों को ताक पर रख कर गलतियाँ करते आ रहे हैं। उनके दोष सिद्ध होने पर भी प्रभारी बीएमओ साहब उनकी नजरों में महान बनने के चक्कर में कार्यवाही करने के बजाय दोषियों को माफ़ करने में लगे हुए हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो उच्चाधिकारियों को दरकिनार कर बीएमओ साहब स्वयं को ही सर्वोपरि मान कर मनमानी करने में लगे हैं। दरअसल पूरा मामला यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारगाँव के एक चिकित्सा अधिकारी (संविदा) जो कि वर्तमान में विगत 8 महीनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में पदस्थ हैं। जिन्हें अस्पताल में आये मरीजों को अस्पताल में मिलने वाली दवा की जगह बाहरी दवा लिखते पाया गया था। साथ ही उनके पास एक निजी मेडिकल स्टोर्स का लैटर पैड भी था। डॉक्टर द्वारा मरीजों पर इसी मेडिकल से बाहरी दवाइयों को खरीदने के लिए दबाव बनाए जाने की बात भी चर्चा का विषय बन गया था क्योंकि डॉक्टर ने दवाइयों के नाम के बगल में उस निजी मेडिकल स्टोर्स का भी नाम लिख दिया था।

### प्रभारी बीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण,पहली गलती समझ कर किया माफ़

हमने जब इस मामले में प्रभारी बीएमओ से बात की तो उन्होंने कहा कि उन्हें खुद इस मामले के बारे में हमारे जरिये ही पता चल रहा है मतलब तो ये हुआ कि बाहरी दवा लिखे जाने का खेल उनके ही स्टाफ द्वारा खेला जा रहा था और उनको इस बात की भनक तक नही लगी। फिर मामले की जानकारी होने पर प्रभारी बीएमओ के द्वारा इस मामले में सम्बंधित डॉक्टर से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया। दो दिनों के बाद डॉक्टर ने स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया। जब हमने स्पष्टीकरण के बारे में जानकारी लेने के लिए प्रभारी बीएमओ से बात की तो उन्होंने बताया कि सम्बंधित डॉक्टर ने लिखित में अपनी गलती मानते हुए क्षमा याचना की है इसलिए पहली गलती समझ कर दोषी पाए गए डॉक्टर को माफ़ कर दिया गया है। इस तरह कार्यवाही करने के बजाय अभयदान दिये जाने की बात सुनकर हमने जब सीएमएचओ जांजगीर का मोबाइल नंबर मांगा तब प्रभारी बीएमओ ने ये कहकर नंबर नही दिया कि पूर्व सीएमएचओ को कोर्ट से स्टे मिल गया है और सोमवार से वे जॉइन कर लेंगे। इससे ये भी पता चलता है कि प्रभारी बीएमओ चाहते थे कि इस मामले की भनक भी उच्चाधिकारियों को ना लगे और मामले की सच्चाई भी अखबारों के जरिये आम लोगों तक ना पहुँचे। यह बात सही साबित हुई क्योंकि जब हमने सीएमएचओ से इस मामले में बात की तब उन्होंने बताया कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नही आया है और वे इस मामले की जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

### डॉक्टर (संविदा) ने बताई स्पष्टीकरण में लिखी बातों की सच्चाई

प्रभारी बीएमओ से हमने स्पष्टीकरण की कॉपी मांगी तो उन्होंने सरकारी पत्र होने का हवाला देते हुए कॉपी देने से इंकार कर दिया। इसके बाद संबंधित डॉक्टर से लिखित में क्षमा याचना की बात की सच्चाई जाननी चाही तब उन्होंने स्पष्टीकरण में लिखी बातों को पढ़कर सुनाया जिसे प्रभारी बीएमओ को सौंपने से पहले रफके तौर पर लिख रखी थी और कहा कि उन्होंने ऐसी गलती दोबारा नहीं होने का आश्वासन मात्र दिया है और किसी प्रकार की माफ़ी या क्षमा याचना जैसे शब्द ही नहीं लिखे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रभारी बीएमओ अपने दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरत रहे हैं और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को भी गलत जानकारी दे कर गुमराह कर रहे हैं ताकि आम जनता सहित प्रशासन को उनकी मनमानी का पता भी न चले और वे किसी स्टाफ पर कार्यवाही करने से भी बचते रहें।




### डॉक्टर के पर्ची होने की प्रभारी बीएमओ ने की पुष्टि लेकिन डॉक्टर ने स्वयं की पर्ची होने से किया इंकार

इस मामले में ध्यान देने वाली बात यह भी है कि ओपीडी पर्ची के अलावा एक और पर्ची है जिस डॉक्टर पर्ची में ऊपर की तरफ संबंधित डॉक्टर का नाम,रजिस्ट्रेशन नंबर,पता लिखा हुआ है और नीचे की तरफ उस निजी मेडिकल स्टोर का नाम पता छपा हुआ है जिसके लिए बाहरी दवा लिखने का मामला उठा है। उस पर्ची में मेडिकल स्टोर्स के नाम को पेन से गोला भी लगाया गया है। संबंधित डॉक्टर ने उसे अपना पर्ची मानने से साफइंकार कर दिया और उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि अभी तक तो उनको रजिस्ट्रेशन नम्बर भी प्राप्त नहीं हुआ है जबकि प्रभारी बीएमओ ने उस पर्ची को उसी डॉक्टर के होने की बात की पुष्टि की। खास बात यह है कि जिस तारीख की वह पर्ची है उस दिन अवकाश के कारण केवल सम्बंधित डॉक्टर की ही ड्यूटी लगी थी। अब सवाल यह उठता है कि या तो प्रभारी बीएमओ झूठ बोल रहे हैं या फिर सम्बंधित डॉक्टर स्वयं को बचाने के लिए झूठ बोल रहे हैं जबकि उन्होंने स्पष्टीकरण में स्वयं अपनी गलती पहले ही मान ली है। दूसरा सवाल ये कि यदि वो पर्ची उनकी नही है तो जिस दिन केवल उन्हीं डॉक्टर की ही ड्यूटी लगी थी उसी तारीख में उसी पर्ची से मरीजों को दवाईयां किसने लिखी और वो पर्ची किसने छपवाई और किसके माध्यम से वह पर्ची अस्पताल तक पहुँची।

### वर्षों से चल रहा है मेडिकल स्टोर्स से सांठगांठ और कमीशन का खेल,सुव्यवस्थित अस्पताल संचालन में प्रभारी बीएमओ फेल

जी हाँ,सूत्रों के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ के डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ भी कमीशन के चक्कर में मेडिकल स्टोर्स के साथ सौदेबाजी का खेल कई वर्षों से खेलते आ रहे हैं। लेकिन प्रभारी बीएमओ की लापरवाही और निरंकुशता के चलते यहाँ हमेशा नियमों का उल्लंघन होता रहा है। जब भी हमने किसी मामले में उनसे बात की चाहे वो मामला क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के पनपने की हो,अस्पताल परिसर में निजी एम्बुलेंस के प्रचार प्रसार के लिए वॉल पेंटिंग के जरिये प्रचार प्रसार करने का हो या निजी एम्बुलेंस के रात के समय अस्पताल परिसर में पार्किंग की हो या नियम विरुद्ध रात में पोस्टमार्टम किये जाने का ही क्यों न हो हर बार यही सुनने को मिलता रहा है कि यह मामला उनके संज्ञान में नही है। सवाल यह उठता है कि जब प्रभारी बीएमओ होते हुए भी कोई भी मामला उनके संज्ञान में नही रहता तो उनका ध्यान कहाँ रहता है। इससे तो यही स्पष्ट होता है कि साहब का मन अस्पताल को छोड़कर कहीं और लगा हुआ है।

### वास्तविक दोषी कौन? जिला प्रशासन कब करेगी सख्त कार्यवाही?

अब सवाल यह उठता है कि बाहरी दवा लिखने के मामले में सही मायनों में दोषी कौन है। वो डॉक्टर जिसने अपने निजी स्वार्थ के चलते आज तक न जाने कितने गरीब मरीजों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुँचाया होगा और जिसने नियमों का उल्लंघन कर चिकित्सक के गरिमा को कलंकित किया है या प्रभारी बीएमओ जिन्होंने आज तक अपने साथ साथ अपने स्टाफ को भी मनमानी करने की खुली छूट दे रखी है और जिनकी निरंकुश कार्यशैली के चलते आम जनता को आर्थिक,शारीरिक और मानसिक नुकसान भी होते आ रहा है। आखिर कब प्रशासन ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करेगी ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों को सबक मिले और आम जनता को परेशानियों से छुटकारा भी मिल सके।देखना यह होगा कि जिला प्रशासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में चल रहे नियमों के उल्लंघन के खेल पर विराम लगाने सख्त कार्यवाही करती है या राजनीतिक दबाव के चलते प्रभारी बीएमओ की तर्ज पर नियमों का उल्लंघन करने पर पहली गलती माफ़ किये जाने का अनोखा नियम बनाती है ताकि भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी खुलेआम भ्रष्टाचार कर सकें और दोषी पाए जाने पर पहली गलती माफ़ के नियम के तहत कार्यवाही होने से बचते रहें,आम जनता को इसी बात की प्रतीक्षा रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया



**बिलासपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे। इस मौके पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी भी मौजूद रहीं। राज्यपाल श्री डेका और मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वविद्यालय के प्रकल्प ज्ञानपथ, अटल मुक्ताकाशी मंच और अटल सरोवर का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाये। इस अवसर पर केंद्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, श्री अमर अग्रवाल, श्री सुशांत शुक्ला, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री ए.डी. एन वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय परिसर में ' एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत राज्यपाल , केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री ने किया वृक्षारोपण

**बिलासपुर** /एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज राज्यपाल श्री रेमन डेका ने अपनी माताजी श्रीमती चंपावती डेका , न्यायमूर्ति श्री प्रशांत मिश्रा ने अपनी माता जी श्रीमती नलिनी मिश्रा व मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपनी माता जी श्रीमती जसमनी देवी के नाम पर पौधारोपण किया। केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू ने अपनी माताजी श्रीमती शांति देवी और उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने अपनी माताजी श्रीमती प्रमिला साव के नाम पर विश्विद्यालय के चरक उद्यान परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा।

## कार से कुचलकर दो की मौत,चालक गिरफ्तार......

**कोरबा।** सूचक दामिनी गिरी पिता राजेश्वर गिरी उम्र 28 वर्ष साकिन राजू बिहार रामपुर थाना सिविल लाइन रामपुर जिला कोरबा एवं सूचक मोहित राम मिरी पिता स्व. फिरत राम मिरी उम्र 70 वर्ष साकिन आईटीआई रामपुर थाना सिविल लाइन रामपुर जिला कोरबा छग का थाना उपस्थित आकर मृतक मनोज गिरी पिता राजेश्वर गिरी उम्र 38 वर्ष साकिन राजू बिहार रामपुर एवं शिव कुमार मिरी पिता मोहित राम मिरी उम्र 38 वर्ष साकिन आईटीआई रामपुर जिला कोरबा के मृत्यु के संबंध में मर्ग इंटीमेशन चाक कराया कि मृतक मनोज गिरी अपने दोस्त मृतक शिव कुमार गिरी की मोटर सायकल कमांक सीजी 12 बीएफ 3596 से दिनांक 27.08.2024 के शाम 6:30 बजे करीब निहारिका तरफ घुमने के लिए गया था तथा दिनांक 27.08.2024 के रात्री 8:16 बजे करीब गरिमा मेडिकल के सामने निहारिका मेन रोड के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से ब्रेजा कार कमांक सीजी 12 बीएन 2421 का चालक उक्त आरोपी शराब पीकर शराब के नशे में मृतक के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया जिससे दोनो निचे गिरने पर आरोपी द्वारा अपने गाडी को चढ़ा दिया तथा आहत चनेश राम राठिया तथा जगत राम मंझवार को भी ठोकर मारा जिससे दोनो के हाथ पैर में चोट आई तथा गवाह पिकई घोष के गाडी को ठोकर मारा जिससे उनके गाडी क्षतिग्रस्त हुई है। मृतक मनोज मिरी तथा मृतक शिव कुमार मिरी को ईलाज हेतु न्यू कोरबा अस्पताल लाए जहां चिकित्सक द्वारा दोनो मृतक को मृत घोषित कर दिया।

## सरायपाली ब्लॉक की गायत्री का एमबीबीएस में चयन: साहू समाज के लिए गर्व का क्षण...

**पृथक छत्तीसगढ़/सरायपाली**

महासमुंद जिले के सरायपाली ब्लॉक के सरायपाली नगर के महल पारा निवासी खिरोद्र कुमार साहू की सुपुत्री कुमारी गायत्री साहू ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। गायत्री का चयन प्रतिष्ठित एमबीबीएस (यू जी) मेडिकल कॉलेज में हुआ है, जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे साहू समाज के लिए गर्व की बात है। गायत्री साहू ने इस सफलता को हासिल करने के लिए किसी कोचिंग संस्थान की मदद नहीं ली। उन्होंने घर पर ही रहकर अपने दम पर यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि से यह सिद्ध होता है कि यदि व्यक्ति के पास सही दिशा और दृढ़ संकल्प हो तो किसी भी प्रकार की बाहरी सहायता की



आवश्यकता नहीं होती। गायत्री साहू के पिता खिरोद्र कुमार साहू एल आई सी एजेंट के रूप में कार्यरत हैं। गायत्री ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु-जनो के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने हमेशा उन्हें प्रोत्साहित किया और सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गायत्री की इस सफलता पर उनके माता-पिता, परिवार के सदस्य और समाज के अन्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। गायत्री साहू की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा साहू समाज गौरवान्वित हुआ है। यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की हिम्मत रखते हैं। इस उपलब्धि के साथ ही गायत्री ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कुछ भी असंभव नहीं है, और उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ की स्वाद महल में हुई संगठनात्मक बैठक...

■ हमारा संगठन परिवार भाव से कार्य करता है ...अधिवक्ता चितरंजय पटेल

**पृथक छत्तीसगढ़/ सक्ती**

अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ परिवार भाव से कार्य करता है, यह बात कहते हुए संगठन प्रदेश अध्यक्ष एवम् उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया कि सत्र 2024द्ध 25 की सदस्यता अंतिम चरण में है पश्चात 2 सितंबर को नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा । पश्चात 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान, प्रतिभा सम्मान एवम् अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी विद्यालयों के प्रबंधक व



विद्यालय परिवार की गरिमामय उपस्थिति में नवीन पदाधिकारी शपथ लेंगे। स्वाद महल जेठा में आयोजित अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ की बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र राठौर ने किया तो वहीं जिलाध्यक्ष दुलीचंद साहू ने संगठन में सदस्यता अभियान को अंतिम दौर में होने की बात कहते हुए 2सितंबर से पूर्व सभी प्रबंधकों से सदस्यता ग्रहण कर लेने का आग्रह किया ताकि शीघ्र ही समिति का पुनर्गठन कुरा जाकर ऊर्जावान सदस्यों को दायित्व दिया जा सके। तब उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष को पुनर्गठन हेतु अधिकृत किए जाने पर उन्होंने 2 सितंबर को पुनर्गठन हेतु तिथि सुनिश्चित किया है। आज अधिकांश सदस्यों ने शुल्क प्रदान कर सदस्यता ग्रहण किया विदित हो कि आज एक लंबे अंतराल के बाद भारी संख्या में अधिकांश प्रबंधक उपस्थित रही जिसमें जिलाध्यक्ष दुलीचंद साहू, ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, शीतल पटेल, कृष्ण महंत, जी आर प्रधान, फूल कुमारी, दिनेश साहू, रामधन यादव, पुष्पांजलि, दिनेश साहू, भुवन साहू, नकुल भारद्वाज, विनोद साहू, बी डी चौहान, पुरषोत्तम चंद्रा, विनोद साहू, महेंद्र राठौर, खिलावन साहू, अजीत चौहान, लखेश्वर श्रीवास आदि की गरिमामय उपस्थिति रही ।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक शेख मुबारक के लिए पूर्णिमा ट्रेडर्स, संस्कार पब्लिक स्कूल कैंपस बोंदाटिकरा रोड़, गढ़उमरिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ से मुद्रित कराकर मु.पो.- हसौद, व्हाया- बिर्रा, तहसील- जैजैपुर, थाना-हसौद, जिला-सक्ती से प्रकाशित।
संपादक- शेख मुबारक पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदार। मो. 7697338503 प्रकाशित समाचारो से संबंधित वाद सक्ती न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।